एल० पी० जी० का आयात

1253. **श्री शुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे** : क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने कुछ निजी पार्टियों को एल०पी०जी० का आयात करने की अनुमति दी है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) एल०पी०जी० की कितनी मात्रा आयात की जाएगी ;

(घ) क्या इन पार्टियों के पास भण्डारण (स्टोरेज) की सुविधा है ;

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है,

(च) सुरक्षा की दृष्टि से सरकार क्या उपाय कर रही है ;

(छ) एल०पी०जी० कनेक्शन के लिए प्रतीक्षा सूची का ब्यौरा क्या है ;

(ज) क्या इस प्रतीक्षा सूची को निजी पार्टियों की सहायता से पूरा किया जाएगा; और

(झ) यदि हां, तो कब तक ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) से (ङ) समानांतर विपणन प्रणाली के अंतर्गत निजी कम्पनियों को एल०पी०जी० (रसोई गैस) आयात करने और बाजार आधारित कीमतों पर ऐसे आयातित एल० पी०जी० (रसोई गैस) की बिक्री के लिए अपनी सुविधाओं तथा वितरण नेटवर्क की स्थापना करने/प्रयोग करने की अनुमति दी गई है। समानांतर विपणन प्रणाली के अंतर्गत जो निजी पार्टियां कार्य करने की इच्छुक हैं उन्हें पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय से किसी अनुमति की जरूरत नहीं है। तथापि उन्हें यथा लागू संगत अधिनियमों तथा नियमों के तहत सुरक्षा प्रदूषण नियंत्रण इत्यादि के संबंध में आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने होंगे। मुख्य विस्फोटक नियंत्रक तथा अन्य प्राधिकारियों से आवश्यक अनुमोदनों के उपरान्त निजी पार्टियां उनकी अपनी आयात एवं भण्डार सुविधाओं का सृजन करने के लिए कदम उठा रही हैं। इसी बीच 11 पार्टियां उनकी अपनी आयात तथा भण्डार सुविधाओं का उपयोग करने के संबंध में सरकार तेल कम्पनियों के साथ समझौता ज्ञापन कर चुकी हैं। 15 जुलाई, 1994 तक निजी एजेंसियों द्वारा 20424 मी० टन एल०पी०जी० (रसोई गैस) आयात की गई है। इसके अतिरिक्त, एक पार्टी द्वारा प्रत्येक 11 कि०ग्रा० क्षमता के 5000 सिलिंडरों का आयात किए जाने के संबंध में रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं।

(च) से (झ) कथित योजना के तहत निजी एजेंसियां सरकार के किसी हस्तक्षेप के बगैर वितरकों को नियुक्त करने तथा ग्राहकों का पंजीयन करने के लिए स्वतंत्र हैं। वर्तमान में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कम्पनियों के वितरकों के पास लगभग 115 लाख ग्राहकों की प्रतीक्षा सूची है। एल०पी०जी० (रसोई गैस) के समानांतर विपणन से प्रतीक्षा सूची के घटने की आशा है।

Adulteration of Kerosene

1254. **SHRI BHAGABAN MAJHI** : Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state :

(a) whether Government are aware of the growing incidences of adulteration of Kerosene in the country;

(b) if so, the States from where such reports have been received; and

(c) what are the details of the steps taken to check the adulteration of Kerosene?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA): (a) to (c). Very few reports of adulteration of kerosene in the country are being received from the